Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

PAPER-II
LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

OMR Sheet No. : .....

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No._____

(In words)

J 5 5 1 4

Time : **1 1/4** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

LABOUR WELFARE AND INDUSTRIAL RELATIONS
Paper – II

Note : This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

1. Which of the following is/are not a part of classical approach to management ?
(A) Scientific Management
(B) Administrative Management
(C) Decision Theory
(D) Bureaucratic Organization

2. Match the following :

	Thinker		Principle
(a)	Henry Fayol	i.	Careful design of jobs with ten efficient work methods.
(b)	Elton Mayo	ii.	Unity of direction.
(c)	F.W. Taylor	iii.	Organizational equilibrium
(d)	Chester I. Barnard	iv.	Social factors and group norms

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	ii	iv	i	iii
(B)	ii	iv	iii	i
(C)	i	ii	iii	iv
(D)	i	iii	ii	iv

3. Which of the following is not a barrier to effective planning ?
(A) Difficulty of accurate premising.
(B) Environmental changes.
(C) Flexibilities in management.
(D) Time and Cost factors.

4. Graicuna's formula suggests that
(A) the number of subordinates and relations both increase in arithmetic progression.
(B) the number of subordinates increases in geometric progression and number of relations increases in arithmetic progression.
(C) The number of subordinates and relations both increase in geometric progression.
(D) the number of subordinates increases in arithmetic progression while the number of relations increase in geometric progression.

5. The first step in control process is to
(A) measure actual performance.
(B) establish objectives and standards.
(C) compare results with objectives.
(D) take corrective action.

6. The procedure for determining duties, responsibilities, working conditions and reporting relationships is known as
(A) Job design
(B) Job description
(C) Job specification
(D) Job evaluation

7. In which of the following systems, minimum wage is guaranteed but beyond a certain efficiency level, bonus is given in addition to minimum day wages ?
(A) Straight piece rate system
(B) Differential piece rate system
(C) Gantt task and Bonus system
(D) Emerson's Efficiency system

8. In line and staff organization
(A) lines of authority and instructions are vertical.
(B) unity of command is maintained.
(C) staff specialists advise line managers to perform their duties.
(D) Staff decides without consulting line authority.

9. TAT stands for
(A) Thematic Application Test
(B) Thematic Apperception Test
(C) Training Aptitude Test
(D) Thematic Attitude Test

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

श्रमिक कल्याण एवं औद्योगिक सम्बन्ध

प्रश्नपत्र – II

नोट : इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रबन्धन के शास्त्रीय उपागम नहीं है/हैं ?
(A) वैज्ञानिक प्रबन्धन
(B) प्रशासकीय प्रबन्धन
(C) निर्णय सिद्धान्त
(D) नौकरशाही संगठन

2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

विचारक	**सिद्धान्त**
a. हेनरी फैयोल	i. दश कार्य विधियों के साथ कार्य का सावधानीपूर्वक अभिकल्प
b. एल्टन मैयो	ii. निर्देशन का एकत्व
c. एफ.डब्ल्यू. टेलर	iii. संगठनात्मक सन्तुलन
d. चेस्टर I बर्नार्ड	iv. सामाजिक कारक और समूह प्रतिमान

कोड :

	a	b	c	d
(A)	ii	iv	i	iii
(B)	ii	iv	iii	i
(C)	i	ii	iii	iv
(D)	i	iii	ii	iv

3. निम्नलिखित में से प्रभावी योजना के लिए कौन सा व्यवधान नहीं है ?
(A) सही स्थल की कठिनाई
(B) वातावरणिक परिवर्तन
(C) प्रबन्धन का लचीलापन
(D) समय और लागत कारक

4. ग्रेकूना का सूत्र यह सुझाता है कि
(A) अधीनस्थों एवं सम्बंधियों दोनों की गिनती गणितीय वृद्धि से बढ़ती है ।
(B) अधीनस्थों की गिनती ज्यामितीय वृद्धि से और सम्बंधियों की गिनती गणितीय वृद्धि से बढ़ती है ।
(C) अधीनस्थों एवं सम्बंधियों दोनों की गिनती ज्यामितीय वृद्धि से बढ़ती है ।
(D) अधीनस्थों की गिनती गणितीय वृद्धि से बढ़ती है जबकि सम्बंधियों की गिनती ज्यामितीय वृद्धि से बढ़ती है ।

5. नियन्त्रण प्रक्रिया का प्रथम चरण है कि
(A) वास्तविक निष्पादन का मापन
(B) ध्येय और मानकों की स्थापना
(C) ध्येय से प्रतिफल की तुलना
(D) सुधारक कार्यवाही करना

6. कर्त्तव्यों, दायित्वों, कार्य परिस्थितियों और सम्बन्धों की रिपोर्टिंग के निर्धारण की कार्यविधि को कहते हैं
(A) कार्य अभिकल्प (B) कार्य वर्णन
(C) कार्य निरूपण (D) कार्य मूल्यांकन

7. निम्नलिखित प्रणालियों में से किसमें न्यूनतम मजदूरी की गारंटी है परन्तु किसी विशेष दक्षता स्तर के पश्चात्, न्यूनतम दिहाड़ी मजदूरी के अतिरिक्त बोनस भी दिया जाता है ?
(A) स्ट्रेट पीस-रेट सिस्टम
(B) डिफरेंशियल पीस-रेट सिस्टम
(C) गैंट टास्क एवं बोनस सिस्टम
(D) एमरसन का दक्षता सिस्टम

8. लाइन और स्टाफ संगठन में
(A) अधिकारों एवं अनुदेशों की रेखाएँ लम्बमान होती हैं ।
(B) आदेश के एकत्व को बनाये रखा जाता है ।
(C) स्टॉफ विशेषज्ञ रेखीय प्रबन्धकों को उनके कर्त्तव्यों के निष्पादन का परामर्श देते हैं ।
(D) रेखीय अधिकारियों से परामर्श किये बिना स्टाफ निर्णय लेता है ।

9. टैट (TAT) का पूर्ण रूप है
(A) थिमेटिक एप्लिकेशन टेस्ट
(B) थिमेटिक ऐपरसेप्शन टेस्ट
(C) ट्रेनिंग एप्टीट्यूट टेस्ट
(D) थिमेटिक ऐटिट्यूड टेस्ट

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

10. Which of the following is not a method of Job Evaluation ?

(A) Ranking Method

(B) Grading Method

(C) Paired Comparison Method

(D) Point Method

11. Who is the propagator of Human Capital Approach to Human Resource Development ?

(A) Lim Teck Ghee

(B) Lorraine Corner

(C) T.W. Schultz

(D) F.D. Lawrence

12. Which of the following statements about Human Resource Development is not true ?

(A) It is an enabling process.

(B) It is a competence building exercise.

(C) It shall be implemented in an incremental way with geographical, vertical, functional and sophisticating phasing.

(D) It does not cover the global and country level Human Resource Development practices.

13. Which of the following is not a method of performance appraisal ?

(A) Forced Distribution Method

(B) Factor Comparison Method

(C) Forced Choice Method

(D) Critical Incident Method

14. Gagne-Briggs Theory of Training is otherwise called as

(A) Instructional Design Theory

(B) Component Display Theory

(C) Elaboration Theory

(D) KSA Theory

15. **Assertion (A) :** Quality circles in India was an imported idea from Japan without proper cultural changes in the organizations.

Reason (R) : The corporate culture assimilating learning, empowerment and participation as equals could not be developed due to absolete mindset of both employers and employees.

Codes :

(A) Assertion is wrong and Reason does not validate the assertion.

(B) Both Assertion and Reason are wrong.

(C) Assertion is right but Reason does not validate the Assertion.

(D) Both Assertion and Reason are right and the Reason validates the Assertion.

16. The aspect of management that is concerned with the individuals, their roles, the dyads, the teams and the entire organization is

(A) Human Resource Management

(B) Human Resource Development

(C) Organizational Behaviour

(D) Organizational Culture

17. Potential effectiveness of a person in both personal and interpersonal situations while in performance in a position is known as

(A) Role effectiveness

(B) Role efficacy

(C) Role making

(D) Role linking

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

10. निम्नलिखित में से कौन सी कार्य मूल्यांकन की विधि नहीं है ?

(A) रैंकिंग विधि (B) ग्रेडिंग विधि

(C) युग्मित तुलना विधि (D) प्वाइंट विधि

11. मानव पूँजी उपागम का प्रचारक कौन है ?

(A) लिम टेक घी (B) लोरेन कॉर्नर

(C) टी.डब्ल्यू. शूट्ज (D) एफ.डी. लॉरेंस

12. निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन मानव संसाधन विकास के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) यह सक्षम बनाने की प्रक्रिया है ।

(B) यह सामर्थ्य-निर्माण का अभ्यास है ।

(C) भौगोलिक, लम्बमानिक, व्यावहारिक तथा प्रमार्जक चरणों सहित इसे वार्षिक ढंग से लागू किया जाएगा ।

(D) मानव संसाधन विकास अभ्यासों के वैश्विक एवं देशीय स्तर को कवर नहीं करता ।

13. निम्नलिखित में से कौन सा निष्पादन मूल्यांकन की विधि नहीं है ?

(A) बलात् वितरण विधि

(B) कारक तुलना विधि

(C) बलात् वरण विधि

(D) गम्भीर घटना विधि

14. गग्ने - ब्रिग्गस प्रशिक्षण सिद्धान्त को इस नाम से भी जाना जाता है ?

(A) शैक्षिक अभिकल्प सिद्धान्त

(B) घटक प्रदर्शन सिद्धान्त

(C) विस्तारण सिद्धान्त

(D) केएसए (KSA) सिद्धान्त

15. **अभिकथन (A) :** भारत में क्वालिटी सर्कल जापान से आयतित विचार था जिसके अन्तर्गत संगठनों में सांस्कृतिक बदलाव की आवश्यकता नहीं थी ।

तर्क (R) : नियोजक और कर्मचारियों दोनों की पुरातन मानसिकता के कारण कॉर्पोरेट संस्कृति बराबरी के आधार पर अधिगम, सशक्तिकरण और हिस्सेदारी को आत्मसात न कर सकी ।

कूट :

(A) अभिकथन गलत है और तर्क, अभिकथन को वैध नहीं ठहराता ।

(B) अभिकथन और तर्क दोनों ही गलत हैं ।

(C) अभिकथन सही है, परन्तु तर्क अभिकथन को वैध नहीं ठहराता ।

(D) अभिकथन और तर्क दोनों सही हैं और तर्क, अभिकथन को वैध ठहराता है ।

16. प्रबन्धन का पक्ष जो वैयक्तिकों, उनकी भूमिका, द्विकता, टीम और समग्र संगठन से सम्बंधित है, यह है –

(A) मानव संसाधन प्रबन्धन

(B) मानव संसाधन विकास

(C) संगठनात्मक व्यवहार

(D) संगठनात्मक व्यवहार

17. किसी व्यक्ति द्वारा निजी और अन्तर-निजी स्थितियों में किसी पद पर कार्य का निष्पादन करने की संभाव्य क्षमता को कहते हैं

(A) भूमिका का प्रभावी होना

(B) भूमिका की प्रभावकारिता

(C) भूमिका का निर्माण

(D) भूमिका का संयोजन

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

18. The essence of Exchange theory regarding formation of a group is
(A) People are attracted to one another on the basis of exchange of similar attitudes towards common objects and goals.
(B) People are attracted to one another interacting with one another and cooperating to achieve the goals.
(C) People are attracted to one another by having propinquity to each other.
(D) People are attracted to one another by interacting through reward-cost outcomes.

19. Being a Manager in an organization, if you are asked to enrich the job of your subordinate, you will not consider which of the following ?
(A) Remove some controls while retaining accountability.
(B) Increase the accountability of individuals to their work.
(C) Introduce new and more difficult tasks compared to those handled previously.
(D) Assign general tasks to people to make them experts in those tasks.

20. Match the following :

Theory of Leadership		**Propagator**
(a) Contingency Theory	i.	Martin Evans and Robert House
(b) Path-goal Theory	ii.	Fred Fiedler
(c) Situational Leadership Theory	iii.	Paul Hersey and Ken Blanchard
(d) Greatman Theory	iv.	Gordon Alport

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	ii	i	iii	iv
(B)	i	iii	iv	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	iv	i	iii	ii

21. Who is associated with the radical approach to industrial relations ?
(A) Mahatma Gandhi
(B) John T. Dunlop
(C) Karl Marx
(D) Allan Flandevs

22. According to John T. Dunlop, the outputs of an Industrial Relations System include
(A) Agreements, customs and traditions of the work place and work community.
(B) Awards and orders of Government agencies.
(C) Regulations and policies of the management hierarchy.
(D) All the above.

23. The institutional causes of industrial disputes do not include
(A) Technology and Machinery
(B) Recognition of Unions
(C) Membership of Unions
(D) Bargaining Unit

24. Arrange the following in a sequence according to the years of their establishment from the earliest to latest
a. Indian Labour Conference
b. Central Board of Worker's Education
c. Standing Conference on Public Enterprises
d. Indian National Trade Union Congress
(A) a, b, c, d (B) a, d, b, c
(C) d, c, b, a (D) b, d, a, c

25. **Assertion (A) :** The scope of Industrial Relations is relative to business environment.
Reason (R) : It shall be Universal and Perpetual.
Codes :
(A) (A) and (R) are right.
(B) (A) is right and (R) is wrong.
(C) (A) is wrong and (R) is right.
(D) (A) is right, but its explanation given in (R) is wrong.

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

18. समूह निर्माण के लिए विनिमय सिद्धान्त का सार है

(A) लोग एक-दूसरे की ओर साझे उद्देश्यों और लक्ष्यों के विनिमय के आधार पर आकर्षित होते हैं ।

(B) लोग एक-दूसरे से संवाद करते और लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सहयोग करते हुए एक-दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं ।

(C) लोग एक-दूसरे के समीप होने से एक-दूसरे की ओर आकर्षित होते हैं ।

(D) लोग एक-दूसरे की ओर, प्रतिफल-लागत के परिणाम सम्बन्धी संवाद करते हुए, आकर्षित होते हैं ।

19. एक संगठन में प्रबन्धक होने के नाते, यदि आपसे अपने किसी अधीनस्थ कर्मचारी के कार्य के संवर्धन के लिए कहा जाए तो आप निम्नलिखित में से किस पर विचार नहीं करेंगे ?

(A) उत्तरदेयता को बनाये रखते हुए कुछ नियन्त्रणों को हटाया जाएगा ।

(B) वैयक्तिकों की कार्य के प्रति उत्तरदेयता को बढ़ाया जाएगा ।

(C) पहले की अपेक्षा नए एवं अधिक कठिन कार्य आरम्भ किये जाएँगे ।

(D) उन्हें सामान्य कार्य सौंपे जाएँगे ताकि वे उन कार्यों के विशेषज्ञ हो जाएँ ।

20. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

नेतृत्व का सिद्धान्त	**प्रचारक**
a. आकस्मिकता सिद्धान्त	i. मार्टिन ईवानस और रॉबर्ट हाऊस
b. पथ-लक्ष्य सिद्धान्त	ii. फ्रेड फीडलर
c. स्थितिपरक नेतृत्व सिद्धान्त	iii. पॉल हरसे और केन ब्लानकार्ड
d. ग्रेटमैन सिद्धान्त	iv. गोर्डन अल्पार्ट

कोड :

	a	b	c	d
(A)	ii	i	iii	iv
(B)	i	iii	iv	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	iv	i	iii	ii

21. निम्नलिखित में से औद्योगिक सम्बन्धों के उग्र उपागम से कौन सम्बंधित है ?

(A) महात्मा गांधी

(B) जॉन टी. डनलप

(C) कार्ल मार्क्स

(D) ऐलन फ्लानडेव्स

22. जॉन टी. डनलप के अनुसार, एक औद्योगिक सम्बन्ध प्रणाली में बहिर्वेशों में सम्मिलित हैं :

(A) कार्य स्थल और कार्य समुदाय के समझौते, रीति रिवाज और परम्पराएँ

(B) सरकारी एजेंसियों के अधिनिर्णय और आदेश

(C) प्रबन्धन उत्क्रम के विनियमन एवं नीतियाँ

(D) उपरोक्त सभी

23. औद्योगिक झगड़ों के अन्तर्गत संगठनात्मक कारकों में कौन सा कारक सम्मिलित नहीं है ?

(A) प्रौद्योगिकी तथा मशीनरी

(B) ट्रेड यूनियनों की मान्यता

(C) ट्रेड यूनियनों की सदस्यता

(D) सौदाकार एकक

24. निम्नलिखित को उनकी स्थापना वर्ष को ध्यान में रखते हुए आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) इंडियन लेबर कांफ्रेस

(b) सेंट्रल बोर्ड ऑफ वर्कर'स एजुकेशन

(c) स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑन पब्लिक एंटरप्राइज़

(d) इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस

(A) a, b, c, d (B) a, d, b, c

(C) d, c, b, a (D) b, d, a, c

25. **अभिकथन (A) :** औद्योगिक सम्बन्धों का कार्यक्षेत्र व्यावसायिक परिवेश सापेक्ष है ।

तर्क (R) : यह वैश्विक तथा सर्वकालिक है ।

(A) (A) और (R) सही हैं ।

(B) (A) सही है और (R) गलत है ।

(C) (A) गलत है और (R) सही है ।

(D) (A) सही है, परन्तु (R) में दी गई इसकी व्याख्या गलत है ।

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

26. Match the following approaches to trade unionism with the propounders.

	Approach		Propounder
(a)	Socio-Psychological approach	i.	Frank Tannenbaum
(b)	Industrial Democracy approach	ii.	Selig Perlmaw
(c)	Scarcity Consciousness approach	iii.	Sidney and Bealrize Webbs
(d)	Sociological approach	iv.	Robert F. Hoxie

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	iii	i	iv	ii
(B)	ii	iii	i	iv
(C)	iv	iii	ii	i
(D)	i	ii	iii	iv

27. The Jamshedpur Labour Union is

(A) a general union.

(B) an industrial union.

(C) a craft union.

(D) an industrial federation.

28. Arrange the following in a sequence according to the years of their establishment from the earliest to the latest :

a. Madras Labour Union

b. Bombay Mill Hands Association

c. AITUC

d. Indian Federation of Labour

Codes :

(A) c, d, b, a (B) a, c, d, b

(C) d, b, c, a (D) b, a, c, d

29. The provision of Unfair Labour Practices is incorporated under which labour legislation ?

(A) The Trade Unions Act

(B) The Industrial Employment (Standing Orders) Act

(C) The Industrial Disputes Act

(D) The Factories Act

30. Which one of the following is not a manifestation of inter-union rivalry ?

(A) A registered union pressurizing the employer to call it for negotiation on issues which are already agreed upon with the recognized union.

(B) A registered union claiming itself to be the majority union and as such pressurising the employer to accord the recognition status to it.

(C) Two rival groups of members emerging within a union expressing their support to two separate office bearers of the union.

(D) The members of two registered unions getting engaged in a blame game while performing a job that calls for team work.

31. Which Article of the Indian Constitution deals with Right to Freedom of Association ?

(A) Article 15

(B) Article 17

(C) Article 19

(D) Article 23

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

26. निम्नलिखित ट्रेड यूनियनवाद के उपागमों और उनके प्रतिपादकों को सुमेलित कीजिए :

उपागम	**प्रतिपादक**
a. सामाजिक-मनोवैज्ञानिक उपागम	i. फ्रेंक टानिनबाम
b. औद्योगिक लोकतांत्रिक उपागम	ii. सेलिग पेरलमाउ
c. दुर्लभ चेतना उपागम	iii. सिडनी और बीलराइस वैब्बस
d. समाजशास्त्रीय उपागम	iv. रॉबर्ट एफ. होक्सी

कोड :

	a	b	c	d
(A)	iii	i	iv	ii
(B)	ii	iii	i	iv
(C)	iv	iii	ii	i
(D)	i	ii	iii	iv

27. जमशेदपुर श्रम संघ है

(A) एक सामान्य संघ

(B) एक औद्योगिक संघ

(C) एक शिल्पीय संघ

(D) एक औद्योगिक महासंघ

28. निम्नलिखित को उनके स्थापना वर्ष से आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) मद्रास लेबर यूनियन

(b) बॉम्बे मिल हैंड्स एसोसिएशन

(c) एआईटीयूसी (AITUC)

(d) इंडियन फैडरेशन ऑफ लेबर

कोड :

(A) c, d, b, a (B) a, c, d, b

(C) d, b, c, a (D) b, a, c, d

29. निम्नलिखित श्रम विधानों में से किस अधिनियम में अनुचित श्रम अभ्यासों के प्रावधान सम्मिलित किये गए हैं ?

(A) ट्रेड यूनियन अधिनियम

(B) औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम

(C) औद्योगिक विवाद अधिनियम

(D) कारखाना अधिनियम

30. निम्नलिखित में से कौन सा अन्तर यूनियन प्रतिद्वन्द्वता का आविर्भाव नहीं है ?

(A) एक पंजीकृत यूनियन जो नियोजक पर ऐसी समस्याओं पर बातचीत करने का दबाव डाल रही हो जिन्हें मान्यता प्राप्त यूनियन के साथ बातचीत द्वारा पहले से ही निपटा लिया गया हो ।

(B) एक पंजीकृत यूनियन जो बहुयमत में होने का दावा करती हो और इस हैसियत से नियोजक पर इसे यूनियन को मान्यता प्रदान करने के लिए दबाव डाल रहा हो ।

(C) एक ही यूनियन के सदस्यों के दो प्रतिद्वन्दी समूह जब यूनियन के दो अलग-अलग पदाधिकारियों का समर्थन कर रहे हों ।

(D) दो पंजीकृत यूनियनों के सदस्य जब एक-दूसरी यूनियन पर उस कार्य के निष्पादन के लिए दोषारोपण में उलझे हों जबकि वह कार्य सबके मिलजुल कर काम करने की माँग करता हो ।

31. भारत के संविधान का कौन सा अनुच्छेद संघ बनाने की स्वतन्त्रता के अधिकार से सम्बंधित है ?

(A) अनुच्छेद 15 (B) अनुच्छेद 17

(C) अनुच्छेद 19 (D) अनुच्छेद 23

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

32. Which of the following conventions of the ILO has not been ratified by India ?

(A) Convention relating to Forced Labour.

(B) Convention relating to Freedom of Association and Right to Organise.

(C) Convention relating to Equal Remuneration.

(D) Convention relating to Discrimination (Employment/Occupation)

33. Under the Factories Act, it is compulsory for an employer to appoint a safety officer in his factory, if the number of workers employed in factory is

(A) 400 (B) 600

(C) 800 (D) 1000

34. Which of the following factors is not responsible for growth of social and labour legislation ?

(A) Early industrialisation

(B) Rise of Unionism

(C) Establishment of ILO

(D) Ethnic association

35. The amount of funeral benefit under the Employees' State Insurance Act is

(A) ₹ 2,500 (B) ₹ 3,500

(C) ₹ 5,000 (D) ₹ 10,000

36. Which of the following is not affected by the Trade Unions Act ?

(A) Any agreement between partners as to their own business.

(B) Any agreement between an employer and those employed by him as to such employment.

(C) Any agreement in consideration on the sale of the goodwill of business or of instruction in any profession, trade or handicraft.

(D) All of these.

37. Chronologically arrange the years of enactments from earliest to latest of labour legislations relating to wages and remunerations given below :

a. Minimum Wages Act

b. Payment of Wages Act

c. Equal Remuneration Act

d. Payment of Bonus Act

Codes :

(A) a, b, c, d (B) a, c, d, b

(C) b, a, d, c (D) b, a, c, d

38. Which of the following is not considered as "Wage" under the provisions of Payment of Wages Act ?

(A) Any sum paid to the employed person to defray special expenses entailed by him by the nature of his employment.

(B) Any remuneration to which the person is entitled in respect of overtime work.

(C) Any sum to which the person employed under any scheme framed under any law in force.

(D) All of these.

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

32. अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के निम्नलिखित कंवेन्शनों में से किस की भारत ने संपुष्टि नहीं की है ?

(A) बेगार सम्बन्धी कंवेन्शन

(B) संघ बनाने की स्वतन्त्रता और इसके आयोजन का अधिकार सम्बन्धी कंवेन्शन

(C) समान पारिश्रमिक सम्बन्धी कंवेन्शन

(D) भेदभाव (रोजगार/व्यवसाय) सम्बन्धी कंवेन्शन

33. कारखाना अधिनियम के अधीन एक नियोजक के लिए यह अनिवार्य है कि वह अपने कारखाने में एक सुरक्षा अधिकारी की नियुक्ति करे । यदि उसके कारखाने में काम करने वाले कर्मियों की गिनती है :

(A) 400 (B) 600

(C) 800 (D) 1000

34. निम्नलिखित कारकों में से कौन सा कारक सामाजिक एवं श्रम कानूनों के विकास के लिए जिम्मेवार नहीं है ?

(A) पूर्व औद्योगिकीकरण

(B) यूनियनवाद का उदय

(C) आईएलओ की स्थापना

(D) संजातीय संघ

35. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के अधीन अन्त्येष्टि संस्कार के लिए किस राशि का प्रावधान है ?

(A) ₹ 2500 (B) ₹ 3500

(C) ₹ 5000 (D) ₹ 10,000

36. निम्नलिखित में से किस पर ट्रेड यूनियन अधिनियम का प्रभाव नहीं होता ?

(A) दो भागीदारों के बीच अपने व्यवसायों से सम्बंधित कोई अनुबन्ध

(B) एक नियोजक और उसके कर्मचारियों के बीच उस रोजगार से सम्बंधित कोई अनुबन्ध

(C) किसी व्यवसाय के सुनाम अथवा किसी व्यवसाय, धंधे अथवा हस्तशिल्प अनुदेश के विक्रय के प्रतिफल के लिए किया कोई अनुबन्ध

(D) उपरोक्त सभी

37. निम्नलिखित मजदूरी एवं पारिश्रमिक सम्बन्धी अधिनियमों को कालक्रमानुसार आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(a) न्यूनतम मजदूरी अधिनियम

(b) मजदूरी संदाय अधिनियम

(c) समान पारिश्रमिक अधिनियम

(d) बोनस संदाय अधिनियम

कोड :

(A) a, b, c, d (B) a, c, d, b

(C) b, a, d, c (D) b, a, c, d

38. निम्नलिखित में से किसको मजदूरी संदाय अधिनियम के प्रावधानों के अधीन 'मजदूरी' नहीं माना जाता ?

(A) कोई राशि जो किसी रोजगार पर लगे व्यक्ति को उसके द्वारा ऐसे विशेष कार्य पर खर्च करने के लिए दी जाती है जिस पर उस रोजगार की प्रकृति को देखते हुए ऐसा करना आवश्यक हो ।

(B) ऐसा पारिश्रमिक जिसके लिए समयोपरि कार्य करने हेतु कोई व्यक्ति अधिकार रखता हो ।

(C) ऐसी राशि जो किसी लागू कानून के अधीन किसी स्कीम के अन्तर्गत भर्ती हुए व्यक्ति को दी जाती है ।

(D) उपरोक्त सभी

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

39. In the landmark judgement by Supreme Court in case of "Bangalore Water supply and Sewerage Board Vs. A. Rajappa" which of the following is not considered as essential requisite for defining "Industry" ?

(A) Systematic Activity

(B) Profit-motive and capital investment

(C) Co-operation between employer and employees

(D) Production and/or distribution of goods and services scheduled to satisfy human wants and wishes.

40. Match the following according to the types of bonus :

(a)	Attendance bonus paid over an unbroken series of years.	i.	Pooja Bonus
(b)	Biannual payment of a Month's salary for a long time which has become an implied condition of service.	ii.	Profit-based Bonus
(c)	Payment of a lump sum amount during Pooja time.	iii.	Custo-mary Bonus
(d)	An amount paid being linked with dividend	iv.	Contra-ctual Bonus

Codes :

	(a)	(b)	(c)	(d)
(A)	i	iii	iv	ii
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	ii	iii	i	iv

41. Who spearheaded the Welfare Movement during the early industrialisation period ?

(A) Robert Owen

(B) Robert Katz

(C) Andrew Ure

(D) Sheebhom Rowntree

42. Baveridge Plan is associated with

a. Unemployment

b. Disability

c. Loss of livelihood

d. Retirement benefits

Codes :

(A) b, c and d (B) b and d

(C) c and d (D) a, b, c and d

43. Which of the following statements about CSR provision in the new Companies Bill passed in parliament is not true ?

(A) It is compulsory for a company to spend on CSR if its net worth is at least ₹ 500 crore.

(B) There is provision for minimum turnover of ₹ 800 crore.

(C) The net profit of at least ₹ 5 crore in a year is a condition for compulsory spending on CSR.

(D) The companies have to spend 2% of its average profits of three years on corporate social responsibility.

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

39. "बैंगलौर वाटर सप्लाई और सीवरेज बोर्ड बनाम ए. राजप्पा" के ऐतिहासिक निर्णय के अनुसार, 'उद्योग' को परिभाषित करने के लिए निम्नलिखित में से किसे अनिवार्य तत्त्व नहीं माना जाता ?

(A) विधिवत क्रिया-कलाप

(B) लाभ-प्रयोजन एवं पूँजी निवेश

(C) नियोजक और कर्मचारियों के बीच सहकारिता

(D) मानवीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जिन उत्पादों एवं सेवाओं का उत्पादन और/अथवा वितरण होता है ।

40. बोनस के प्रकार के अनुसार निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

a. हाजिरी बोनस जो वर्षों की शृंखला के अटूट होने पर दिया जाता है ।	i. पूजा बोनस
b. किसी दीर्घ समय के लिए दो वर्षों में एक बार एक मास के वेतन के बराबर की अदायगी जो सेवा की निहित शर्त बन गई है ।	ii. लाभ-आधारित बोनस
c. पूजा त्योहार पर एकमुश्त दी गई राशि	iii. प्रथाबद्ध बोनस
d. लाभांश से सम्बंधित राशि की अदायगी	iv. संविदा बोनस

कोड :

	a	b	c	d
(A)	i	iii	iv	ii
(B)	iii	iv	i	ii
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	ii	iii	i	iv

41. प्रारम्भिक औद्योगिकीकरण के समय के दौरान कल्याण आन्दोलन की कमान किसके हाथ में थी ?

(A) रॉबर्ट ओवन (B) रॉबर्ट काज़

(C) एण्ड्रयु यूरे (D) शीबम राउंट्री

42. बेवरिज योजना का सम्बन्ध है

(a) बेरोजगारी (b) अक्षमता

(c) जीविका की हानि (d) निवृत्त लाभ

कोड :

(A) b, c और d (B) b और d

(C) c और d (D) a, b, c और d

43. संसद द्वारा पारित नव कम्पनी बिल के अनुसार सीएसआर के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) एक कम्पनी के लिए सी एस आर के लिए व्यय करना अनिवार्य है यदि उसकी विशुद्ध हैसियत कम से कम ₹ 500 करोड़ की है ।

(B) इसमें ₹ 800 करोड़ की न्यूनतम बिक्री का प्रावधान है ।

(C) सीएसआर में व्यय करने का अनिवार्य प्रावधान है यदि कम्पनी का शुद्ध लाभ कम से कम ₹ 5 करोड़ वार्षिक हो ।

(D) कम्पनियों को अपने तीन वर्षों के औसत लाभ से 2 प्रतिशत कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व पर व्यय करना होगा ।

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

44. 'A place for everything and everything in its place' is the basic underlying principle of

(A) Safety

(B) House-keeping

(C) Workplace governance

(D) None of the above

45. Under which legislation, housing is a statutory provision ?

(A) The Factories Act

(B) The Mines Act

(C) The Plantation Labour Act

(D) All the above

46. Which of the following statements about 'labour' is false ?

(A) Labour is not a commodity.

(B) Labour is perishable and does not last.

(C) Labour is inseparable from labourer himself.

(D) Rapid adjustment of supply of labour to its demand is possible.

47. **Assertion (A) :** The 'hard boiled' business man's approach is that 'labour' is an inevitable nuisance constancy asking for more.

Reason (R) : Unlike west, in India it was hardly realised that labour is important for the social and economic processes of an egalitarian society.

Codes :

(A) The (A) is wrong if considered by its basic philosophy and (R) validates the (A).

(B) (A) is right and (R) is wrong.

(C) (A) and (R) are wrong.

(D) (A) right, but (R) does not validate the (A).

48. Which of the following trends are currently seen in the employment front in India ?

a. Increased women labour force participation.

b. Underemployment.

c. Growing employment in informal sector.

d. Increasing demand for unskilled manpower.

Codes :

(A) a, b and d (B) a, b and c

(C) b, c and d (D) a, c and d

49. Which of the following have been devoted to reduce inter-firm and inter-area wage differentials in India ?

(A) Joint Negotiation Committees

(B) Wage Boards

(C) Works committee

(D) Joint Councils

50. Under which of the following incentive plans "a worker is guaranteed a minimum wage on the time basis. Then a standard time is fixed for the completion of every work and if the worker completes the work in less time, he is given a bonus of the time actually saved in proportion to the total time" ?

(A) Halsey Premium System

(B) Rowan Premium System

(C) Barth System

(D) The Emersion Efficiency System

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

44. 'सभी वस्तुओं के लिए एक स्थान, सभी वस्तुएँ अपने स्थान पर' किसका आधारभूत सिद्धान्त है ?

(A) सुरक्षा

(B) हाऊस कीपिंग

(C) कार्यस्थल शासन

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

45. किस विधायन के अन्तर्गत, आवास एक संवैधानिक प्रावधान है ?

(A) कारखाना अधिनियम

(B) खान अधिनियम

(C) बागान श्रम अधिनियम

(D) उपरोक्त सभी

46. निम्नलिखित में से 'श्रम' सम्बन्धी कौन सा कथन गलत है ?

(A) श्रम कोई वस्तु नहीं है ।

(B) श्रम क्षय योग्य है और यह देर तक बचा नहीं रहता ।

(C) श्रम को श्रमिक से अलग नहीं किया जा सकता ।

(D) श्रम की आपूर्ति और श्रम की माँग का समायोजन तीव्रता से किया जाना संभव है ।

47. **अभिकथन (A) :** 'हार्ड बोइल्ड' व्यावसायिक का उपागम यह है कि "श्रम एक अचूक सिरदर्द है, श्रम सदैव ही वृद्धि की माँग करता रहता है ।"

तर्क (R) : पश्चिमी देशों से उलट, भारत में यह समझने का प्रयास ही नहीं किया गया कि न्याय संगत समाज की सामाजिक एवं आर्थिक प्रक्रियाओं के लिए श्रम आवश्यक है ।

कोड :

(A) (A) गलत है यदि इसके आधारभूत दर्शन को ध्यान में रखा जाए और (A) को (R) वैधता प्रदान करता है ।

(B) (A) सही है और (R) गलत है ।

(C) (A) और (R) गलत हैं ।

(D) (A) सही है परन्तु (A) को (R) वैध नहीं बनाता ।

48. भारत की रोजगारी के क्षेत्र के निम्नलिखित मौजूदा झुकावों से कौन से झुकाव दिखाई देते हैं ?

(a) महिला श्रम दल की भागीदारी में वृद्धि

(b) अपूर्ण रोजगार

(c) असंगठित क्षेत्रों में रोजगार की उन्नति

(d) अकुशल मजदूरों की माँग में वृद्धि

कोड :

(A) a, b और d (B) a, b और c

(C) b, c और d (D) a, c और d

49. भारत में अन्तर-फर्म और अन्तर-क्षेत्रीय मजदूरी विभिन्नता को कम करने में निम्नलिखित में से कौन लगे हुए हैं ?

(A) संयुक्त वार्ता कमेटियाँ

(B) मजदूरी बोर्ड

(C) कार्य समिति

(D) संयुक्त परिषदें

50. निम्नलिखित प्रोत्साहन योजना में से किसके अधीन "एक कर्मी को समय आधारित न्यूनतम मजदूरी की गारंटी दी जाती है, फिर प्रत्येक कार्य को पूरा करने के लिए एक मानक समय निश्चित किया जाता है, और यदि कोई कर्मी उस कार्य को कम समय में कर लेता है तो उसे कुल समय में से बचाये गए समय के अनुपात से बोनस मिलता है" ?

(A) हाल्से प्रीमियम सिस्टम

(B) रोवन प्रीमियम सिस्टम

(C) बार्थ सिस्टम

(D) एमरस्यिन ऐफिशिएंसी सिस्टम

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com

Space For Rough Work

Downloaded-From:-http://ugcnetportal.com